आरा-बलिया रेल लाइन का सर्वे पूरा, भोजपुर में बनेगा नया रेलवे जंक्शन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में पूर्वोत्तर रेलवे ने 61 किमी. लंबे आरा-बलिया ट्रेन रूट का प्राथमिक सर्वे पूरा कर लिया है। साथ ही आरा जंक्शन के पास स्थित जगजीवन हॉल्ट को नया जंक्शन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

प्रमुख बिंदु

- यह जानकारी बलिया से लोकसभा सांसद वीरेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 61 किमी. लंबे आरा-बलिया ट्रेन रूट का प्राथमिक सर्वे पूरा होने के बाद रेलवे बोर्ड ने इस नई रेललाइन के लिये डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने की अनुमति दी है।
- इसके साथ ही बिहार के भोजपुर ज़िले में आरा जंक्शन के पास स्थित जगजीवन हॉल्ट को रेलवे जंक्शन के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भेजा गया है।
- पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से प्रस्तावित आरा-बलिया रेल लाइन परियोजना की कुल लंबाई693 किमी. होगी। इस रूट में कुल 10 हॉल्ट और स्टेशन होंगे।
- नई रेलवे लाइन भोजपुर ज़िले के मसाढ़, धमार, उमरावगंज और धमवल होकर बक्सर ज़िले के नैनीजोर के पास गंगा नदी को पार करके उत्तर प्रदेश में काठही कृपालपुर हल्दी, सोहलिपुर होकर बलिया के पास छपरा-वाराणसी रेल लाइन में मिल जाएगी। इस रूट पर गंगा नदी पर नया रेल पुल भी बनाया जाएगा।
- नई रेलवे लाइन बनने से बिहार के आरा और उत्तर प्रदेश के बलिया शहर के बीच की दूरी 36 किमी. तक घट जाएगी और भोजपुर ज़िले के लोगों को बलिया के लिये सीधे ट्रेन मिल पाएगी। इससे उनका यात्रा खर्च भी कम होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-railway-junction-will-be-built-in-bhojpur